57.93 लाख की विकास योजनाओं का महापौर ने किया उद्घाटन

आरा (भोजपुर)। नगर निगम क्षेत्र में शहरी विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को वार्ड संख्या-41 में प्राक्कलित राशि 57 लाख 93 हजार 810 रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन हुआ। महापौर इंदु देवी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीतांबरा माई मंदिर रोड स्थित ठाकुरबाड़ी के सामने स्लम बस्ती में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य सहित तीन पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों में काफी उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व में इस सड़क की स्थिति काफी दयनीय थी। सड़क जर्जर होने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दिनों में सड़क पर जलजमाव एवं कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती थी, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता था। महापौर इंदु देवी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना तथा आम नागरिकों को बेहतर सड़क, नाला एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वार्ड संख्या-41 में इन विकास कार्यों के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। साथ ही सामुदायिक शौचालय के निर्माण से स्वच्छता एवं सार्वजनिक सुविधा को भी बढ़ावा मिलेगा, उन्होंने कहा कि आरा नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा है। समारोह में वार्ड संख्या-41 के पार्षद राहुल चौरसिया, वार्ड संख्या-14 के पार्षद महेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक एवं स्थानीय जनता उपस्थित रहें।



शांति समिति की बैठक आयोजित

शाहपुर (भोजपुर) आससे। दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर शाहपुर थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने दीपावली और छठ पर्व को शांतिपूर्वक खुशी-खुशी मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जायेगा। बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से दीपावली और छठ पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मिलजुल कर खुशी-खुशी मनाने की अपील की। बैठक मे छठ घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शौचालय सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक मे उपस्थित गणमान्य लोगों से भी सुझाव लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी रश्मि सागर, पूर्व उप मुख्य पार्षद गुप्तेश्वर साह, मुखिया प्रतिनिधि यूनुस खां उर्फ कफरू खां, प्रखंड राजद अध्यक्ष शिवप्रसन्न यादव, मुखिया बलिराम यादव, प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, वार्ड पार्षद मनोज पासवान, संजय चतुर्वेदी, मो सगीर, बंटी पांडे, मो मुख्तार शाह, एनालु बारी खां, पार्षद प्रतिनिधि धन पाण्डे सहित कई गणमान्य लोग तथा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भोजपुर के दो खिलाड़ियों ने एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

भोजपुर के लाल-लाडली का कमाल, रग्बी में जीता स्वर्ण पदक

बिहिया (भोजपुर)। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित 70वीं नेशनल स्कूल गेम्स (2026-27) की अंडर-14 रग्बी प्रतियोगिता में भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड स्थित विश्व भारती शिक्षा सदन (चौरास्ता) के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र सोनू कुमार और छात्रा रूबी परवीन ने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) हासिल किया है, जिससे पूरे जिले में खुशी की लहर है।दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में संपन्न हुई 70वीं नेशनल स्कूल गेम्स (2026-27) की अंडर-14 रग्बी प्रतियोगिता में भोजपुर जिले के बिहिया के विश्व भारती शिक्षा सदन चौरास्ता के छात्र सोनू कुमार और रूबी परवीन का चयन हुआ था। दोनों खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बिहार की बालक एवं बालिका टीमों को गोल्ड मेडल दिलाने में ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष दोनों वर्गों में सिल्वर मेडल जीतने के बाद, इस वर्ष दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी सफलता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इस प्रतियोगिता में खास बात यह रही कि अंडर-14 बालिका वर्ग में भोजपुर की बेटी रूबी परवीन ने टीम की कप्तान के रूप में नेतृत्व किया और अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए टीम को स्वर्णिम सफलता दिलाई। बिहार की टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को 25-05 से करारी शिकस्त दी। इसके बाद फाइनल मुकाबले में ओडिशा को 45-00 के बड़े अंतर से पराजित कर शानदार अंदाज में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बिहार की टीम ने सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को 05-00 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद निर्णायक मुकाबले में पंजाब को 40-00 से करारी शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्व भारती शिक्षा सदन बिहिया चौरास्ता के निदेशक सियाराम ओझा और प्राचार्य शशिभूषण तिवारी ने दोनों खिलाड़ियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता से पूरे भोजपुर जिले और बिहार राज्य का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन हुआ है।



डीएम ने की भू अर्जन कार्यों की समीक्षा

आरा (भोजपुर)। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिले में भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष रूप से आरा-सासाराम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-119ए) परियोजना के लिए अर्जित भूमि के मुआवजे के भुगतान की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निदेश दिया। जिन मामलों में भूमि अभिलेखों के अभाव में भुगतान लंबित है,उनमें संबंधितअंचलाधिकारियों से आवश्यक अभिलेख शीघ्र प्राप्त करने तथा उनका सत्यापन कर पात्र रैयतों को मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला भू- अर्जन पदाधिकारी तथा पथ निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संपत्ति विवाद में मां और भाई की हत्या,बेटा और बहू हिरासत में

जगदीशपुर (भोजपुर)। थाना क्षेत्र के तेंदुनी गांव में मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे संपत्ति विवाद में दोहरे हत्याकांड की वारदात हुई। एक बेटे ने अपनी मां और सगे भाई की हथौड़े और चाकू से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या के आरोपित बेटे और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान तेंदुनी गांव के वार्ड संख्या सात निवासी स्वर्गीय विश्वामित्र सिंह कुशवाहा की 55 वर्षीय पत्नी रामवती कुंवर और उनके 22 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। हत्या का आरोप रामवती



कुंवर के पुत्र और सुनील कुमार के सगे भाई दीपक कुमार पर लगा है। दीपक पेशे से ट्रैक्टर चालक बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार और थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीपीओ रवि कुमार के अनुसार, प्रारंभिक जांच में संपत्ति विवाद को हत्या की वजह माना जा रहा है। पुलिस ने आरोपी पुत्र और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। साथ ही हत्याकांड में अन्य लोगों की संलिप्तता और घटना के वास्तविक कारणों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का अनुसंधान जारी है।

एएनएम के भरोसे प्रसव जन्म के बाद नवजात की मौत

सहार (भोजपुर)। सहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के भरोसे प्रसव कराए जाने के बाद एक नवजात बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गुलजारपुर निवासी रवींद्र पंडित उर्फ भानु पंडित की पुत्री चंचल कुमारी ने पहली बच्ची को जन्म दिया था। बताया जा रहा है कि जन्म के महज दो मिनट बाद ही नवजात की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, नवजात के मुंह में गंदगी चले जाने के कारण उसकी मौत हुई। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से महिला चिकित्सक की तैनाती की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जन सुराजी नेता घनश्याम राय ने इस घटना पर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए विभाग की लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने सहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द से जल्द महिला चिकित्सक की तैनाती करने की मांग की है।

हरि नारायण प्लस टू विद्यालय की बेटियों ने लहराया परचम

शाहपुर (भोजपुर) आससे। राजकीय कन्या प्लस टू विद्यालय,आरा मे 2 एवं 3 नवंबर 2026 को आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव मे शाहपुर के हरि नारायण प्लस टू विद्यालय की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर परचम लहराया है। विद्यालय की नवम् वर्ग की छात्रा इच्छा कुमारी ने हारमोनियम वादन प्रतियोगिता मे भोजपुर जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही इच्छा कुमारी का चयन अब राज्य स्तरीय कला उत्सव के लिए हो गया है। वहीं इसी विद्यालय की दो अन्य छात्राओं शिवानी चौबे और मनीषा पांडे ने कहानी वाचन प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ अपने परिवार का भी मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संगीत शिक्षक अभय नंदन पांडे ने बताया कि यह विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। बच्चियों ने महीनों की कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर पांडे ने तीनों छात्राओं के साथ-साथ संगीत शिक्षक को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दी है। प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर पांडे ने कार्यक्रम आयोजित कर तीनों छात्राओं इच्छा कुमारी, शिवानी चौबे और मनीषा पांडे के साथ-साथ संगीत शिक्षक अभय नंदन पांडे को सम्मानित किया है। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर पांडे सहित विद्यालय के शिक्षक रेयाज़ वारिश खान, राजेश यादव, मो. चांद आलम, अभय नंदन पांडे, संतोष कुमार सिंह, नंदू प्रसाद, वरनारायण, नरेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे और सभी शिक्षकों ने खुशी जताई।

छठ को ले अधिकारियों ने लिया घाट का जायजा

चरपोखरी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चरपोखरी, नगरी, मलौर, मकुंदपुर सहित अन्य गांव स्थित करीब 50 छठघाटों का जायजा बारी-बारी से चरपोखरी बीडीओ कुमार विमलादित्य व थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार द्वारा किया जा रहा है। इसी दौरान उन्होंने



चरपोखरी स्थित छठ घाट का भी जायजा लिया। चरपोखरी बीडीओ ने बताया कि महापर्व की तैयारी को स्थानीय अधिकारियों द्वारा पूजा समिति को हर संभव मदद किया जाएगा। अधिकारयों ने घाट के जायजा के बाद छठ घाटों की साफ-सफाई के लिए स्वच्छता कर्मियों को पूजा समितियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर छठ घाट की सफाई शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया है।अधिकारियों ने बताया कि घाटों को चिन्हित कर स्थानीय अधिकारियों की टीम गठित कर सुरक्षा को ले तैनाती की जाएगी वही घाटों पर गहरे पानी को लेकर स्थानीय गोताखोरों की भी तैनाती की बात कही।

सहार (भोजपुर)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर सहार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का एसडीएम सहित अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में भोजपुर एसडीएम अंशु कुमारी, अंचला अधिकारी सहार राकेश आनंद, सहार थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, सहित अन्य प्रतिनिधी और गण्यमान्य लोग शामिल थे। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी, बैरिकेडिंग एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को छठ पूजा से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण में पैक्स अध्यक्ष सहार गोविन्द कुमार, समाजिक कार्यकर्त्ता विमल मौआर, जदयू नेता गुड्डू प्रसाद, प्रदीप कुमार, शम्भू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अलंकार ज्वेलरी हाउस के तीनों स्टोर पर सोने के गहनों की मेंकिंग पर छूट

आरा (भोजपुर)। शहर के अलंकार ज्वेलरी हाउस में धनतेरस के अवसर पर सोने एवं हीरे जडित गहनो की खरीदारी पर ग्राहको को आकर्षक छूट मिल रही है। प्रोपराइटर अनील कुमार गुप्ता ने बताया कि धनतेरस को लेकर अलंकार ज्वेलरी हाउस के गोपाली चौक, कुल्हड़ियां कम्प्लेक्स एवं ब्राह्मण टोली मोड़ स्थित स्टोर पर सोने के गहनों की मेकिंग पर 7.7 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह ऑफर नवम्बर माह तक रहेगा। वही हीरे जडित सोने के गहनो की खरीदारी पर अप टू 25 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वही शादी-विवाह को लेकर गहनों की खरीदारी पर आकर्षक छूट दिया जा रहा है। धनतेरस को लेकर एक ग्राम से 100 ग्राम तक सोने के सिक्के मांगे गए हैं। वहीं चांदी के नए-पुराने सिक्के के अलावे लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, हनुमान व अन्य देवी देवताओं की मूर्ति उपलब्ध है।

बसंत लाल एंड संस ज्वेलर्स में आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध

आरा (भोजपुर)। धनतेरस को लेकर शहर के सर्राफा बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। शहर के गोपाली चौक स्थित बसंत लाल एंड सन्स ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अजय कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस को लेकर सोने के जोधा हार, झुमका, जोधा अंगूठी, कंगन, ब्रास्लेट समेत अन्य आभूषण बिक्री के लिए मंगाए गये है। इसके अलावे हीरे जडित सोने के आभूषण भी उपलब्ध है। वही सोने एवं चांदी के ब्रांडेड सिक्के, लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, हनुमान व भगवान की मूर्ति बिक्री के लिए लाए गए हैं।

ब-ईजलास सब जज प्रथम
जगदीशपुर, भोजपुर
टी.एस-126/2025
गुड्डु कुमार-वादी
बनाम
बसंत कुमार-प्रतिवादी
गजट प्रकाशन बनाम

बसंत कुमार पिता-स्व. राम अयोध्या सिंह ग्राम-आनर पो.+थाना-बिहियां जिला-भोजपुर हाल मोकाम:-वार्ड नं.-06 बिहियां, राजा बाजार (धोबी मुहल्ला) पो. +थाना-बिहियां जिला-भोजपुर

चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप बनाम को सूचित किया जाता है कि आपको सम्मन व नोटिश एवं डाक द्वारा रजिस्ट्री के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे हैं

अत: आप बनाम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 6/11/26 को समय 10.30 बजे न्यायालय में वकालतन या असालतन हाजिर होकर जवाब दें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में सुनवाई कर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जायेगी। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से

सब जज प्रथम
जगदीशपुर भोजपुर

ब न्यायालय
मुंसिफ
बिक्रमगंज, रोहतास ।
T. S. No- 103/2025
मोतीलाल सिंह वगै................ वादी
बनाम
अवध बिहारी सिंह............प्रतिवादी

नोटिस बनाम : 1. अवध बिहारी सिंह पिता-फुलेन्द्र चौधरी, ग्राम-विशुनपुर करहंसी टोला, पो.-करहंसी, थाना-दिनारा (नटवार), जिला-रोहतास ।

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपको आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद के वादी ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में एक नम्बरी मुकदमा दाखिल किया है। जिसमें आपके विरूद्ध नजारत सम्मन और रजिस्ट्री सम्मन की काररवाई के बावजूद भी आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अत: आपको इस गजट प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि दिनांक 15.12.26 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें, अन्यथा उपरोक्त वाद में आपके विरूद्ध एकपक्षीय काररवाई का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इस नोटिस को मेरे दस्तखत वो मोहर से जारी किया गया है।

स्थान-बिक्रमगंज
दिनांक 02.11.26

मुंसिफ
सिविल कोर्ट बिक्रमगंज
जिला-रोहतास (बिहार) ।

ब न्यायालय
सिविल जज-3 सिनियर डिविजन
बिक्रमगंज, रोहतास ।
टीएस नं.-574/2022
रमेश कुमार...................वादी
बनाम
कामता सिंह वगैरह............प्रतिवादी

नोटिस बनाम : 1. सरिता सिंह, पति-अरिविन्द कुमार सिंह 2. वंदना कुमारी, पति-शशिकान्त सिंह, ग्राम-पो.-इढढियां, थाना-काराकाट (गोडारी), जिला-रोहतास।

चूं वजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा आपलोगों के पास नजारत सम्मन वो निर्बंधित सम्मन भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अत: आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 07.12.26 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा इस वादकी कार्यवाही आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने । इसे आज दिनांक 04.11.26 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सिविल जज-3 सिनियर डिविजन
बिक्रमगंज, रोहतास ।

ब-अदालत,
सिविल जज-1 सीनियर डिविजन
बिक्रमगंज, रोहतास।
इजराय वाद संख्या 03/2026
बाबुधन महतो ....मुदई/आवेदक
बनाम
बिहार सरकार वगैरह ....
.........................मुदालय/ विपक्षी

नोटिस बनाम : 1. मिंटू मिश्रा पिता स्व. मंगलेश्वर मिश्रा 2. निर्मल मिश्रा पिता स्व. राम सिगासन मिश्रा 3. नीतिज्ञ रंजन मिश्रा पिता निर्मल मिश्रा एवं 4. राजेन्द्र मिश्रा पिता. स्व. राम सिगासन मिश्रा सभी साकिन मौजा-बाढ़ (काराकाट) थाना-काराकाट (गोडारी) जिला रोहतास।

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आवेदक ने आपलोगों के विरुद्ध मेरे न्यायालय में एक इजराय मुकदमा दाखिल किया है जिसमें आपलोगों पर सम्मन वो रजिस्ट्री सम्मन मेरे न्यायालय द्वारा भेजा गया परन्तु तामिल के बावजूद भी आपलोग उपस्थित नहीं हुए। अत: इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.11.2026 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालयमें उपस्थित होकर अपनापक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 03.11.2026 को ‒ यह नोटिस मेरे दस्तखत वो न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सिविल जज 1
(सीनियर डिविजन-01)
बिक्रमगंज, रोहतास

ब-अदालत
सिविल जज-3
बिक्रमगंज (रोहतास)
काउंटर क्लेम स्वत्व वाद
सं.-624/2013
चरूपी पासी वगै....................मुदई
बनाम्
श्याम नंदन सिंह वगै...............मुदा.

1. अशोक पासी 2. रमेश पासी उर्फ एस.पी 3. संतोष पासी 4. दिनेश पासी, वल्दान स्व. चरुपी पासी।

चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में मुदालय नं.-03 ने स्वत्व वाद सं.-624/2023 में काउंटर क्लेम दाखिल किया है, जिसमें आपलोगों पर सम्मन वो रजिस्ट्री सम्मन मेरे न्यायालय के द्वारा भेजा गया परंतु तामिल के बावजूद आपलोग उपस्थित नहीं हुए।

अत: इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.11.26 को 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा। यह नोटिस मेरे दस्तखत वो न्यायालय के मुहर से किया गया है।

सिविल जज-03 सीनियर डिवीजन
बिक्रमगंज (रोहतास)
दिनांक 02.11.26

ब-न्यायालय,
सब जज-तीन (3)
बिक्रमगंज, रोहतास
स्वत्व वाद सं.-512/1997
तिलेश्वर पासी वगै............वादीगण
बनाम्
रामदास कुम्हार वगै.....प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम:-34(क) अशोक राय 34(ख) कृष्णा राय 34(ग) अनिल राय पिता स्व. अम्बिका राय 14(क) पार्वती देवी पति स्व. विक्रमा बैठा, ग्राम-बहिरॉव, पो.-नटवार, थाना-दिनारा हाल-थाना-नटवार, जिला-रोहतास, बिहार।

चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद के वादी ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में एक नम्बरी मुकदमा दाखिल किया है, जिसमें आपलोगों के ऊपर सम्मन और रजिस्ट्री सम्मन के कारवाई के बावजूद आपलोग मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए वो आपलोगों को इस गजट प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि दिनांक 03.12.26 को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें, अन्यथा उपरोक्त वाद में आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कारवाई का आदेश पारित किया जायेगा। यह नोटिस मेरे दस्तखत वो मोहर से जारी किया गया है।

सबजज-तीन (3)
बिक्रमगंज, रोहतास

ब-अदालत
सिविल जज-1, बिक्रमगंज, रोहतास
वाद संख्या-556/2024
राज्मातो देवी...........................मुदई
बनाम
गंगो देवी वगैरह.......................मुदा.
नोटिस बनाम:-

(2)क. कौशल्या कुवर जौजा स्व. कन्हैया लाल (2)ख. विनोद सिंह (2)ग. वीरेंदर सिंह (2)घ. नरेन्द्र प्रसाद सिंह, वल्दान स्व. कन्हैया लाल, मौजा-देव मार्कंडेय, पोस्ट-देव मार्कंडेय, थाना-काराकाट, जिला-रोहतास...........मुदा. फरीक औवल

चूं वजरिय इस गजट नोटिस के आपलोगों को सूचित किया जाता है कि मुदई ने आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त मोकदमा मेरे न्यायालय में दायर किया है, जिसमें आपलोग मुदालय कायम हैं। आपलोगों की उपस्थिति हेतु मेरे न्यायालय से नजारत नोटिस वो रजिस्ट्री नोटिस भेजा जा चुका है, लेकिन बावजूद इसके आपलोग उपस्थित नहीं हो सके हैं।

अत: आपलोगों को इस गजट नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपलोग मेरे न्यायालय में दिनांक 07.12.26 को 10.30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कारवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह नोटिस आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मोहर से जारी किया जाता है।

दिनांक 03.11.2026

सिविल जज-1
बिक्रमगंज, रोहतास

न्यायालय, जिला एवं सत्र
न्यायाधीश-5, भोजपुर, आरा
निष्कासन (स्वत्व) अपील वाद
संख्या-27 सन् 2023
ललन प्रसाद वगै.........अपीलकर्तागण
बनाम्
अरुण कुमार शर्मा वगै....उत्तरवादीगण
गजट बनाम्:-

(3) मुनी देवी पति जयराम साह, ग्राम-कोआथ, जिला-रोहतास (4) बेबी देवी पति महेश प्रसाद, निवासी-मुहल्ला-चंदवा हाउसिंग कॉलोनी, पो. -चंदवा, जिला-भोजपुर (5) मीरा देवी पति बिनोद प्रसाद निवासी मुहल्ला-गुदरी बाजार, बलियां (उ.प्र.) (6) मनोहर प्रसाद पिता-ललन प्रसाद (7) अजय प्रसाद (8) राजु प्रसाद, दोनों पिता स्व. ओम प्रकाश, तीनों निवासी-मुहल्ला-राजा बाजार, बिहियां, पो.-बिहिया, थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर।

चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने मेरे न्यायालय में आपलोगों के विरुद्ध उक्त वाद दाखिल किया है, आपलोगों के विरुद्ध सम्मन मोसाना एवं रजिस्ट्री डाक से नोटिस भेजा गया लेकिन आपलोग जान-बुझकर हाजिर नहीं हो रहे हैं। आपलोग दिनांक 05.11.26 को 10.30 बजे न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जाएगी। इसे अति आवश्यक समझें।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-5
भोजपुर, आरा

न्यायालय,
अवर न्यायाधीश द्वितीय
व्यवहार न्यायालय
जगदीशपुर, भोजपुर
स्वत्व वाद सं.-331/2025
विनित गुप्ता वगै. ....वादीगण
बनाम
शांति देवी वगै. ....प्रतिवादीगण

गजट बनाम : प्रतिवादी सं.-4. उर्मिला देवी पति श्री बिरेन्द्र कुमार, मु. स्टेशन रोड, वार्ड सं.-04 ग्राम+पो. +थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर 5. शिवम कुमार यादव, पिता-सुरेन्द्र यादव, ग्राम-बान्धा, पो.-अमराई नवादा, थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर, 6. मुनाजिर हुसैन पिता अब्दुल रशीद अंसारी निवासी वार्ड सं. 07, ग्राम+पो. +थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर, बिहार 7. विशाल कुमार पिता गोरख सिंह, ग्राम-फिंनगी, पो.+थाना-बिहियां जिला-भोजपुर, बिहार 8. देवेश कुमार पिता ब्रजेश कुमार सिंह ग्राम साहेब टोला, बिहियां, पो.+थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर, बिहार, 9. करण कुमार पिता स्व. हरिभजन चौधरी मु. राजा बाजार, वार्ड सं.-06, ग्राम+पो. +थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर 10. अनिता कुमारी पति-कृष्ण कुमार गोंड ग्राम+पो.-बेनवलिया (बेलवनिया) थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर 11. नेहा कुमारी पति सोनु कुमार ग्राम-साहेब टोला, वार्ड सं.-01, बिहियां, पो. +थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर 12. आयशा पिता लुकमान अंसारी मु. राजा बाजार, वार्ड सं.-06, बिहियां, पो. +थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर।

एतद् द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में आपलोगों को प्रतिवादीगण के रूप में नामित किया गया है। स्वत्व वाद संख्या-331/25 इस न्यायालय में वादीगण के द्वारा लाया गया है, जिसमें आपलोगों को नजारत के माध्यम से एक विहित समन एवं निर्बंधित डाक से विहित समन प्रेषित किया गया है, फिर भी आपलोग अपना पक्ष स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से रखने हेतु उपस्थित नहीं हुए। इसलिए स्थानीय समाचार पत्र में गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचना प्रकाशित की जा रही है। वाद में अगली सुनवाई की निर्धारित तिथि 06.11.2026 है, को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में वाद में एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित किया जायेगा।

इसे सख्त निर्देश समझें।

आज दिनांक 06.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से गजट जारी किया गया।

ह./-
अवर न्यायाधीश-2
व्यवहार न्यायालय
जगदीशपुर, भोजपुर

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।
Email-ee.hajipur1.bcd@gmail.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक-2211(अनु0) दिनांक-23.10.2026 द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-10/2026-27, जिसका पी0आर0 संख्या-014349(BCD)2026-27,जो दिनांक-28.10.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, को अपरिहार्य कारण रद्द किया जाता है।

(ई0 खुर्शीद अहमद खान)
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

PR- 014728 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

समाहरणालय, सहरसा
(जिला योजना कार्यालय)
ई-मेल-dpo.saharsa-bih@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा (राज्यसभा) द्वारा सहरसा के **सौरबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्दौर पश्चिमी के समदा के वार्ड नं0 12 में माँ दुर्गा मंदिर के निकट हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन कार्य का अनुशंसा प्राप्त हुआ है।** प्राप्त अनुशंसा के आलोक में 16 मीटर उँचाई का विद्युत संचालित हाईमास्ट LED लाईट/(200Watt x 10 arms) का हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन करने हेतु संबंधित ख्याति प्राप्त फर्मो/विक्रेताओं/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद लिफाफा में अलग-अलग निविदा दिनांक **02.12.2026** को **01:00 बजे अपराह्न** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को अध्यक्ष जिला क्रय समिति -सह- उप विकास आयुक्त, सहरसा के समक्ष उनके कार्यालय वेश्म में दिनांक **02.12.2026** को **04:00 बजे अपराह्न** में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। क्रय की जानेवाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, सहरसा से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है, अथवा जिला के बेबसाईट www.saharsa.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR- 014779 (Planning) 2026-27
उप विकास आयुक्त,
सहरसा।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0-62 वर्ष 2026-27

निम्नलिखित कार्य हेतु समान प्राकृति के कार्यो का पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता/अधिकृत एजेंसी/संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक-07.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

क्र0म0सं0	कार्य का नाम
1.	SITC of UPS for Central Hall Extension Building, Bihar Vidhan Sabha & Bihar Vidhan Parishad at Vidhan Mandal Patna.

PR- 014810 (B C D) 2026-27
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बाँका
(जिला योजना कार्यालय)

निविदा आमंत्रण सूचना सं0-10/2026-27

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री जयन्त राज, माननीय स0वि0स0 अमरपुर द्वारा 18वी विधान सभा अन्तर्गत अपने विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुमान्यता राशि के आलोक में बांका जिला के प्रखण्ड अमरपुर के कुल बारह(12) विद्यालयों में प्रति विद्यालय दस बुकशेल्फ (अलमारी) का क्रय व अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ है। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा अनुसंशित कुल-12(बारह) विद्यालयों में से कुल 11(ग्यारह) विद्यालयों का सरकारी विद्यालय होने संबंधी प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। उक्त के आलोक में बुकशेल्फ(अलमारी) की क्रय एवं अधिशठापन हेतु अनुशंसा पत्र के साथ संलग्न सामग्रियों की सूची (विशिष्टियों के अनुरुप) के अनुसार निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं/विक्रेताओं/फर्मो से द्वि-लिफाफा प्रणाली अन्तर्गत मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड एवं दुसरा लिफाफा वित्तीय बिड का होगा। लिफाफों पर तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड लिखना अनिवार्य होगा। दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक अन्य सीलबन्द लिफाफे के अन्दर रखा जायेगा। सभी लिफाफों पर निविदादाताओं को अपने प्रतिष्ठान का नाम अंकित करना होगा। लिफाफा बिल्कुल सीलबन्द होना अनिवार्य है।

निविदा को **दिनांक- 19.11.2026 के 01 बजे अपर्राह्न** तक जिला योजना कार्यालय, बाँका में जमा किया जाना है। प्राप्त **निविदा को उक्त तिथि को 03:30 बजे अपर्राह्न** में उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष जिला क्रय समिति, बाँका के कार्यालय कक्ष में निर्णय हेतु गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि क्रय समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्ते बाँका जिले के वेबसाईट https://banka.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी शंका समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान जिला योजना कार्यालय, बाँका से सम्पर्क किया जा सकता है।

➢ **माननीय स0वि0स0 से प्राप्त अनुशंसा के अनुरूप क्रय एवं अधिष्ठापन की जानेवाली बुकशेल्फ (अलमारी) की विस्तृत विवरणी संलग्न है।**
➢ **निविदादाता निविदा शर्तो के क्रमानुसार दस्तावेज संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।**

PR- 014780 (PLANNING) 2026-27
उप विकास आयुक्त,
बाँका।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।